# University in News on 11 July 2025

**HINDUSTAN PAGE 8**

## हॉस्टल आवंटन शुरू 16 तक होंगे आवेदन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 के तहत स्नातक व परास्नातक विद्यार्थियों को लिए दोबारा छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में चीफ प्रोवोस्ट की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थी पुनः आवंटन के लिए एचएमएस पोर्टल पर 15 जुलाई तक 50 रुपये जमा कर पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 16 जुलाई तय की गई है।

चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान या पूर्व सेमेस्टर की फीस रसीद, दोनों सेमेस्टर की मार्कशीट और अन्य प्रपत्र एचएमएस ऐप पर अपलोड करने होंगे।

## एलयू में बीएससी समेत छह कोर्स के रिजल्ट जारी

**लखनऊ।** एलयू में सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत बीएससी होम साइंस एनईपी के दूसरे व चौथे, एमएससी गणित के चौथे और एमएससी न्यूट्रिशियन के दूसरे सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। एमपीएच पब्लिक हेल्थ, एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स, एमए लोक प्रशासन के दूसरे और एलएलबी तीन वर्षीय लॉ के चौथे सेमेस्टर का परिणाम जारी हुआ। वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं।

## डॉ. अर्चना शुक्ला बनीं मनोविज्ञान विभाग की हेड

**लखनऊ।** एलयू में मनोविज्ञान विज्ञान की प्रोफेसर डॉ. अर्चना शुक्ला को विभाग का विभागाध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने आदेश जारी किया है। वहीं योग संकाय समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजकुमार यादव ने जिले में योग दिवस आयोजन में विशिष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 7**

## लविवि : आठ कोर्स के परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को आठ कोर्स के सम सेमेस्टर की परीक्षाओं का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दिया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एमपीएच, एमकॉम इन अप्लायड इकोनामिक्स, बीएससी होम साइंस, त्रिवर्षीय एलएलबी, एमएससी मैथ, एमएससी न्यूट्रीशन और एमए इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन का विस्तृत परीक्षाफल www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है। सभी स्नातक और परास्नातक विद्यार्थियों के लिए छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। बृहस्पतिवार को चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि छात्र एचएमएस पोर्टल पर 15 जुलाई तक 50 रुपये का पंजीकरण कर 16 जुलाई तक आवेदन कर दोबारा हॉस्टल आवंटन करा सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## लविवि : डॉ. अर्चना बनी रहेंगी विभागाध्यक्ष

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की परिनियमावली के प्रावधानों के तहत कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय की ओर से लिए गए निर्णय के बाद डॉ. अर्चना शुक्ला को मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष के तौर पर उनका कार्यकाल तीन वर्ष की अवधि या अधिवर्षता आयु प्राप्ति तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

**डॉ. अमरजीत सम्मानित :** लविवि के योग विभाग के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोआर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी, लखनऊ की ओर से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. यादव 2015 से राज्य सरकार की ओर से आयोजित योग दिवस के कार्यक्रमों में योगदान देते रहे हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

**i-NEXT PAGE 3**

## बीबीए में मैथ्स के सवालों ने सबको उलझाया

### एलयू में सुबह बीबीए तो शाम को एलएलबी का हुआ एंट्रेंस

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (10 July):** लखनऊ यूनिवर्सिटी कैंपस में इन दिनों यूजी प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम चल रहे हैं. गुरुवार सुबह फर्स्ट मीटिंग में बीबीए का तो दोपहर को सेकेंड मीटिंग में एलएलबी का एंट्रेंस हुआ. जिसमें बीबीए के एग्जाम में अटेंडेंस 75 परसेंट रही और एलएलबी में 77 परसेंट कैंडिडेट्स ने एग्जाम दिया.




नेशनल पीजी में कैंडिडेट्स की लगी लाइन



नेशनल पीजी कॉलेज में भी फर्स्ट मीटिंग में बीए का एंट्रेंस हुआ, जिसमें कुल 1010 कैंडिडेट्स ने रजिस्टर किया था जबकि 842 कैंडिडेट्स ने एग्जाम दिया. वहीं, दोपहर को सेकेंड मीटिंग में बीएससी मैथ्स ग्रुप का एग्जाम हुआ, जिसमें 512 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन किया था और 431 कैंडिडेट्स ने एंट्रेंस दिया. कॉलेज से मिली जानकारी के मुताबिक, 10 जुलाई को हुए एंट्रेंस का रिजल्ट 12 और 13 जुलाई को कॉलेज के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा. इसके साथ ही कैंडिडेट्स को मैसेज के जरिए उनका रिजल्ट भी भेजा जाएगा. बीए की काउंसिलिंग 15 जुलाई को जबकि बीएससी मैथ्स ग्रुप की काउंसिलिंग 19 जुलाई से शुरू होगी.

### कुछ सवालों ने उलझाया

स्टूडेंट्स ने बताया कि पेपर मॉडरेट था, बस कुछ पोर्शन थे जो थोड़े से टाइमटेकिंग लगे. बीबीए में मैथ्स के कुछ सवालों ने उलझाया तो एलएलबी में करेंट अफेयर्स खूब आया.

### क्या बोले कैंडिडेट्स



पेपर तो मॉडरेट ही था, बस मैथ्स का पोर्शन थोड़ा टाइमटेकिंग था क्योंकि सवाल थोड़े से घुमाने वाले थे. ओवरऑल पेपर अच्छा गया है.

**विदिशा,** गोरखपुर



पेपर तो ठीक था, बस करेंट अफेयर्स के क्वेश्चंस थोड़े उलझा रहे थे. हां, अगर आपने ठीक से प्रिपेयर किया है तो पास हो जाएंगे. मेरा पेपर ठीक गया है.

**श्रुति,** लखनऊ



पेपर तो मॉडरेट था, लेकिन जीके और जीएस के सवाल थोड़े से कठिन थे, बाकी पेपर तो अच्छा हुआ है.

**अंश,** लखनऊ

## अब एलयू में एआई इन बिजनेस कोर्स

**LUCKNOW (10 July, inext):** एलयू के कॉमर्स डिपार्टमेंट के अंतर्गत बीकॉम और एमकॉम कोर्सेज में इस सेशन से एक नया पेपर एआई इन बिजनेस जोड़ने की तैयारी है. जिसके अंतर्गत स्टूडेंट्स एआई की हेल्प से, स्ट्रैटजी मेकिंग, टैक्सेशन, मार्केटिंग और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के बारे में सीखेंगे. ये पेपर बीकॉम और एमकॉम दोनों ही कोर्सेज में पढ़ाया जाएगा. इसके साथ ही कुछ और नए पेपर भी एड करने की तैयारी है. कॉमर्स डिपार्टमेंट के हेड प्रो. राममिलन ने बताया कि इस पेपर को एड करने का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स को टेक्नोलॉजी से अपडेट कराना है.

**JAGRAN CITY PAGE III**

## डा. अर्चना शुक्ला फिर बनीं विभागाध्यक्ष

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की प्रो. डा. अर्चना शुक्ला को एक बार फिर विभागाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।



उनका कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने या अन्य कोई आदेश तक मान्य होगा। कुलपति की अनुमति के बाद कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इससे पहले प्रो. अर्चना 2021-24 तक विभाग की अध्यक्ष रहीं हैं। (जासं)

## डा. अमरजीत यादव को मिला प्रशस्ति पत्र

लखनऊ : लवि के योग विभाग, फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोआर्डिनेटर डा.



अमरजीत यादव को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी की ओर से लखनऊ जनपद में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के आयोजन में विशिष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। डा. अमरजीत वर्ष 2015 से अब तक सरकार द्वारा आयोजित योग दिवस के कार्यक्रमों में योगदान प्रदान करते रहे हैं। (जासं)

**AMRIT VICHAR PAGE 7**

## लविवि प्रवेश परीक्षा : न्यूमेरिकल व सामान्य ज्ञान छुड़ा रहा पसीना


### बीबीए में 25 और एलएलबी ऑनर्स में 23 प्रतिशत रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारत के मुख्य न्यायाधीश कौन है? राष्ट्रपति को कौन चुनता है? किस देश के साथ रुस का युद्ध हुआ? ग्लोबल वार्मिंग के लिए कौन सी गैस जिम्मेदार है? जैसे सवाल और सही उत्तर चुनने के विकल्पों ने छात्रों को खूब छकाया। लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 में अभ्यर्थियों को तर्कशक्ति, गणित और सामान्य ज्ञान के प्रश्न भारी पड़ रहे हैं। गुरुवार को आयोजित बीबीए परीक्षा में भी शामिल हुए अभ्यर्थियों का कहना है कि गणित के सवाल कठिन थे, जबकि लॉजिकल रिजनिंग (तर्कशक्ति) के प्रश्नों को हल करने में काफी वक्त लगा। इसकी तुलना में सामान्य अंग्रेजी व्याकरण संबंधित प्रश्नों को छात्रों ने आसान बताया। दूसरी पाली में एलएलबी ऑनर्स की परीक्षा ली गई जिसमें अंग्रेजी और तर्कशक्ति के प्रश्न को लेकर छात्र पसीना पोंछते रहे।

विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश के लिए परीक्षाएं 5 जुलाई से दो पालियों में चल रही हैं। गुरुवार को बीबीए की कुल 480 सीटों पर प्रवेश के लिए कुल 5232 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिसमें 25 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। इसी तरह एलएलबी ऑनर्स के लिए 6791 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था लेकिन 23 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। आज शुक्रवार को बीए और बीजेएमसी में प्रवेश के लिए परीक्षाएं आयोजित की गई हैं। जबकि स्नातक में प्रवेश की अंतिम प्रवेश परीक्षा शनिवार 12 जुलाई को होनी है जिसमें बीएफए और बीवीए में प्रवेश की परीक्षा सुबह की पाली में ली जाएगी।

▸▸ आज बीए और बीजेएमसी की होगी प्रवेश परीक्षा



### एलएलबी ऑनर्स में रहे रिकार्ड अभ्यर्थी

अब तक की प्रवेश परीक्षा में एलएलबी ऑनर्स कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन करने वालों की सर्वाधिक संख्या रही है जिसमें 6791 रहे। जबकि बीबीए में 5232 और बीएएससी जीवविज्ञान की 280 सीटों पर रिकार्ड 4,444 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया।

### ओएमआर की कार्बन कॉपी दी जा रही छात्रों को

प्रवेश परीक्षा में शामिल हो रहे छात्रों को ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे जब उत्तर कुंजी विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया जाए तो अभ्यर्थी उसका मिलान कर सके। गुरुवार को हुई परीक्षा में छात्रों को काफी देर परीक्षा केंद्र खोजन में भटकना पड़ा। अभ्यर्थियों का कहना था कि संकाय तो लिखा है लेकिन किसी भवन में परीक्षा होगी यह स्पष्ट नहीं होने से इधर उधर पूछताछ करना पड़ा।

## डॉ. अर्चना शुक्ला बनीं लविवि मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली के परिनियम 2.20 (5) (यथा संशोधित) के अंतर्गत की गई है। कुलपति की स्वीकृति से जारी इस आदेश के अनुसार, डॉ. शुक्ला आगामी तीन वर्षों के लिए अथवा अधिवर्षता आयु प्राप्ति या किसी अन्य आदेश के प्रभावी होने तक जो भी पहले हो विभागाध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करेंगी। डॉ. अर्चना शुक्ला विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विषय के एक प्रतिष्ठित विद्वान के रूप में जानी जाती हैं।

### डॉ. अमरजीत यादव किए गए सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोआर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा जनपद में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के आयोजन में विशिष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। डॉ. यादव 2015 से आज तक राज्य सरकार द्वारा आयोजित योग दिवस के कार्यक्रमों में योगदान प्रदान करते रहे है।

## लविवि सम सेमेस्टर का परिणाम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर 2025 की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षाफल विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध हैं। घोषित पाठ्यक्रमों में एमपीएच (पब्लिक हेल्थ) एमकॉम (एप्लाइड इकोनॉमिक्स) बीएससी. (गृह विज्ञान) II व IV सेमेस्टर (एनईपी) एलएलबी (3 वर्षीय) IV सेमेस्टर (एनईपी) एमएससी. (गणित) II व IV सेमेस्टर एमए. (जन प्रशासन व पोषण विज्ञान) विश्वविद्यालय ने छात्रों से कहा है कि वह वेबसाइट पर जाकर अपना परीक्षाफल देखें।

## लविवि में छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में हॉस्टल आवंटन प्रक्रिया के अंतर्गत सभी स्नातक और परास्नातक विद्यार्थियों की छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न छात्रावासों में रह रहे अंतःवासी पुनः आवंटन हेतु एचएमएस पोर्टल पर 15 जुलाई तक अपना 50 रुपया का पंजीकरण करके 16 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को वर्तमान अथवा पूर्व सेमेस्टर की फ़ीस रसीद, दोनों सेमेस्टर की मार्कशीट एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र एचएमएस ऐप पर अपलोड करने होंगे, उन्हें प्रोवोस्ट रिकमेंडेशन लेटर अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। अंतिम तिथि के पश्चात योग्य पाए गए अभ्यर्थियों की सूची वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी साथ ही अभ्यर्थियों को उनकी मेल आईडी पर ऑनलाइन फ़ीस जमा करने का संदेश भेजा जाएगा। निर्दिष्ट समय सीमा के अंदर फ़ीस जमा ना करने पर अभ्यर्थियों का हॉस्टल आवंटन का अधिकार समाप्त माना जाएगा। मेस फ़ीस एवं मेस कॉशन मनी संबंधित छात्रावास के बैंक खातों में ही जमा की जाएगी। कक्ष आवंटन के समय मातापिता एवं स्थानीय संरक्षक को भी उपस्थित होना होगा।

**TOI PAGE 2**

## BCA, BSc maths prove difficult to LU aspirants

**Lucknow:** The Undergraduate Entrance Test 2025 at Lucknow University proved to be a tough nut to crack for many candidates on Wednesday, especially those tackling the BCA and BSc mathematics papers which featured challenging questions.

In the first shift, held from 10:30 am to 12noon, the BCA entrance test was conducted with 3,665 candidates registered and 75% attendance. Many students found the logical reasoning and advanced programming sections difficult. Ananya Singh, a BCA aspirant from Lucknow, said, "Reasoning questions have unusual patterns and were tricky. The programming section covered topics like loops and data structures that were quite difficult. Overall, it was tougher than I expected and I think more preparation on advanced concepts would have helped." TNN

**RASHTRIAYA SAHARA PAGE 7**

## लविवि : डॉ. अमरजीत को किया सम्मानित

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग तथा फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया।



यह सम्मान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने उन्हें जनपद स्तर पर योग दिवस आयोजन में उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।

डॉ. अमरजीत यादव को समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। योग, प्राकृतिक चिकित्सा और वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में उनका अनुभव और समर्पण लगातार सराहनीय रहा है।

**RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5**

## लविवि में स्नातक व परास्नातक विद्यार्थियों के लिए छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ

15 तक पंजीकरण कर 16 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में हॉस्टल आवंटन प्रक्रिया के अंतर्गत सभी स्नातक और सभी परास्नातक विद्यार्थियों की छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने वताया कि विभिन्न छात्रावासों में रह रहे अंतःवासी पुनः आवंटन के लिए एचएमएस पोर्टल पर 15 जुलाई 2025 तक अपना 50 रुपया का पंजीकरण करके 16 जुलाई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को वर्तमान अथवा पूर्व सेमेस्टर की फीस रसीद, दोनों सेमेस्टर की मार्कशीट एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र एचएमएस ऐप पर अपलोड करने होंगे, उन्हें प्रोवोस्ट रिकमेंडेशन लेटर अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। अंतिम तिथि के पश्चात योग्य पाए गए अभ्यर्थियों की सूची वेवसाइट पर प्रकाशित की जाएगी, साथ ही अभ्यर्थियों को उनकी मेल आईडी पर ऑनलाइन फीस जमा करने का संदेश भेजा जाएगा। निर्दिष्ट समय सीमा के अंदर फीस जमा ना करने पर अभ्यर्थियों का हॉस्टल आवंटन का अधिकार समाप्त माना जाएगा। मेस फीस एवं मेस कॉशन मनी संवंधित छात्रावास के वैंक खातों में ही जमा की जाएगी। कक्ष आवंटन के समय माता-पिता एवं स्थानीय संरक्षक को भी उपस्थित होना होगा।